# 150336 करोड़ कम आंकी जा रही है जीएसडीपी

## जीएसडीपी की गणना को लेकर केंद्र और राज्य के बीच विवाद

**▸ सरकार के बजट में विवाद के सुलझने के आसार**

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 30 जनवरी. केंद्र सरकार और मप्र सरकार के बीच सकल राज्य घरेलू उत्पाद यानी जीएसडीपी को लेकर मतभेद उभर आये हैं.**

केंद्र सरकार मप्र की जीएसडीपी को 15 लाख 44 हजार 141 करोड़ रुपए आंक रही है, वहीं मप्र सरकार का तर्क है कि उसकी जीएसडीपी वर्ष 2025-26 की अवधि में 16 लाख 94 हजार 477 करोड़ रुपए हैं. इस तरह केंद्र सरकार मप्र की जीएसडीपी को थोड़े बहुत नहीं बल्कि पूरे 150336 करोड़ रुपए कम आंक रही है. लिहाजा अब इस मतभेद को सुलझाने के लिये राज्य सरकार ने कोशिशें की है, जिसका परिणाम केंद्र सरकार द्वारा एक फरवरी को पेश होने वाले आम बजट में देखने मिल सकता है. यदि ऐसा हुआ तो मप्र को बड़ा फायदा मिल सकता है. दरअसल राज्य सरकार ने 15वें वित्त आयोग की गणना के आधार



पर मप्र की जीएसडीपी का जो अनुमान लगाया है, वह केंद्र सरकार द्वारा मान्य किये गये जीएसडीपी से डेढ़ लाख करोड़ रुपए कम है. इसका असर मप्र की साख और कर्ज लेने की सीमा पर पड़ रहा है. मप्र की जीएसडीपी का आकार जितना बड़ा होगा, उसका उतना ही फायदा बाजार से कर्ज लेने पर मिल सकता है.

अभी जीएसडीपी के 3 फीसदी के बराबर प्रतिवर्ष कर्ज लिया जा सकता है और केंद्र सरकार द्वारा चिन्हित किये गये क्षेत्रों में सुधार कार्य लागू करने पर 0.5 फीसदी अतिरिक्त कर्ज लेने की रियायत मिलती है. लिहाजा अब सरकार अपनी क्षमता के मुताबिक कर्ज लेने के लिये जीएसडीपी की गणना में सुधार करने की वकालत कर रही है. बताया जा रहा है कि मप्र सरकार ने इस मामले को केंद्र के सामने प्रमुखता से उठाया है, जिसका फायदा नये बजट में मिल सकता है. यदि केंद्र सरकार ने मप्र के जीएसडीपी को राज्य के दावे के मुताबिक 16 लाख 94 हजार 477 करोड़ रुपये मान्य करती है तो मप्र की कर्ज लेने की क्षमता में और बढ़ोतरी हो जाएगी.

**केंद्रीय करों में 10 फीसदी हिस्सा मांगा**

मप्र को अभी केंद्रीय करों में 7.85 फीसदी हिस्सेदारी है. वहीं राज्य सरकार लगातार केंद्र पर दबाव बना रही है कि केंद्रीय करों में उसकी हिस्सेदारी बढ़ाकर 10 फीसदी किया जाए. इसके लिए राज्य सरकार ने प्रदेश की विशेष भौगोलिक स्थिति और विशेष रूप से विशाल प्रदेश होने के साथ ही तटीय क्षेत्र नहीं होने से बंदरगाह का फायदा नहीं मिलने जैसे कारण गिनाये हैं. यदि ऐसा हुआ तो मप्र को लगभग 14 से 15 हजार करोड़ रुपए का फायदा मिल सकता है. ये इसलिये कि अभी मप्र का केंद्रीय करों में हिस्सा एक लाख 11 हजार 662 करोड़ रुपए है, जो कि बढ़कर लगभग एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है.

# भागीरथपुरा में हुई 31वीं मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से फैली बीमारी ने एक और जान ले ली. शुक्रवार को 72 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के बाद यह मामला और गंभीर हो गया है. अब तक इस संकट में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई मरीज अभी भी इलाजरत हैं.**

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैली बीमारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है. शुक्रवार को 72 वर्षीय एकनाथ सूर्यवंशी की मौत हो गई. परिजनों के अनुसार, लंबे समय से अस्पताल में चले इलाज के बाद गुरुवार शाम उन्हें घर लाया गया था, जहां कुछ ही घंटों में उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया. परिवार ने बताया कि एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था. वहां हालत में सुधार नहीं होने पर 3 जनवरी 2026 को उन्हें बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया था. बॉम्बे हॉस्पिटल में 4 जनवरी को उनकी हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया था. जहां करीब 30 दिनों तक चले इलाज में वे 25 दिन से ज्यादा समय तक वेंटिलेटर पर रहे. डॉक्टरों का कहना है कि दूषित पानी से फैले संक्रमण के कारण एकनाथ सूर्यवंशी की दोनों किडनियां फेल हो गई थीं. उनका लिवर भी गंभीर रूप से प्रभावित था, जबकि बीमारी का असर हार्ट और ब्रेन तक पहुंच चुका था.

## सीएम करेंगे नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ

**भोपाल.** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि बुंदेलखंड के दमोह जिले में नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला नोहलेश्वर महोत्सव इस वर्ष अधिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 11 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस 5 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे. इस महोत्सव में कला, संस्कृति, साहित्य एवं भक्ति संगीत जगत की ख्यातनाम हस्तियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी. राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि बुंदेलखंड की धार्मिक आस्था के इस केंद्र पर होने जा रहे नोहलेश्वर महोत्सव में प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर जहां भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे.

# चीतों की पुनर्स्थापना वन विभाग की दक्षता

## आईएफएस मीट के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 30 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के वन विभाग की गतिविधियों और प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की पुनर्स्थापना वन विभाग की दक्षता से ही संभव हो पाया है.**

चंबल में घड़ियाल और नर्मदा जी में मगरमच्छ स्वछंद विचरण के लिये छोड़ने का अनुभव अद्भुत रहा. वन वन्य जीव और क्षेत्रीय रहवासियों के बीच सह अस्तित्व की भावना का विकास वन विभाग की सेवाओं से ही संभव हो पाया. राज्य सरकार असम से वन्य जीवों को लाने के लिए प्रयास कर रही है. आईएफएस मीट प्रोफेशनल संवाद के साथ ही पारिवारिक आतमीयता और सहयोगी संबंधों को मजबूत करने का भी अवसर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग के आईएफएस. थीम सॉन्ग तथा उसके वीडियो प्रसारण का लोकार्पण भी किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्ति अधिकारी और प्रदेश के पूर्व पीसीसीएफ डॉ. पीबी. गंगोपाध्याय को प्रदेश के वनों की सुरक्षा और बेहतरी में उनके योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 प्रदान किया.

**प्रतिवर्ष 5 करोड़ पौधों का रोपण करता है विभाग**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन. अंबाडे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा शुरू की गई अविरल नर्मदा योजना के अंतर्गत नर्मदा बेसिन में 5000 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में नदी पुनर्भरण एवं पौध-रोपण के कार्य किए जा रहे हैं. पिछला वर्ष मप्र वन विभाग के लिए सामुदायिक सहभागिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है. विभाग द्वारा प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाता है. रातापानी अभयारण्य को डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है.

# प्रदेश में 3 दिन बारिश का अलर्ट

**घना कोहरा, तापमान में और गिरावट के आसार**

**भोपाल,30 जनवरी. मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है. शुक्रवार को प्रदेश के आधे से अधिक हिस्से में घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन और यातायात प्रभावित हुआ.**



इसी बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 31 जनवरी से 2 फरवरी तक तीन दिन लगातार बारिश का अलर्ट जारी किया है. बारिश के बाद तापमान में और गिरावट आने से ठंड का असर बढ़ने की संभावना है. मौसम विभाग भोपाल के अनुसार, स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में देखने को मिलेगा. शुक्रवार तड़के भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के 24 जिलों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा. कई क्षेत्रों में सुबह 10 बजे तक धूप नहीं निकल सकी. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. राजगढ़ जिले में शीत लहर का प्रभाव दर्ज किया गया.

भोपाल, धार, रतलाम, नौगांव (छतरपुर), टीकमगढ़, दमोह, दतिया और ग्वालियर जिलों में शीतल दिन रहा, जबकि गिरवर (शाजापुर) में तीव्र शीतल दिन की स्थिति बनी. अधिकतम तापमान में भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन और जबलपुर संभागों में 2.2 से 3.7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई. उज्जैन संभाग के जिलों में तापमान सामान्य से 5.9 डिग्री तक कम रहा, जबकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभागों में यह सामान्य से 3 से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया.

# 32 रेलकर्मियों को दी भावभीनी विदाई



**भोपाल,30 जनवरी. मंडल में वर्ष 2026 के प्रथम माह जनवरी में रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए 32 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने की. इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन और समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी के माध्यम से किया गया.

इसके साथ ही उन्हें पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), मानार्थ पास, परिचय पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड भी प्रदान किए गए. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक जानवी तिवारी, सहायक कार्मिक अधिकारी वाईबी. गुप्ता, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक मुरलीधर मीना, यूनियन प्रतिनिधि एवं ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमेन्स फेडरेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.



**रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री ने किए महाकालेश्वर के दर्शन**

**उज्जैन.** रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना शुक्रवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर मंदिर में तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए. इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्री महाकालेश्वर की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर दर्शन किए. दर्शन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा केन्द्रीय मंत्री सोमन्ना का स्वागत एवं सत्कार किया.

# पुलिस ने चोरी गई संपत्ति बरामद की

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,30 जनवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने चोरी, नकबजनी और लूट जैसी संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेशभर में सघन अभियान तेज कर दिया है.**



बीते एक सप्ताह के दौरान पन्ना, शिवपुरी, इंदौर, रतलाम और भोपाल सहित विभिन्न जिलों में की गई समन्वित कार्रवाइयों में पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक की चोरी गई संपत्ति बरामद की है तथा कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पन्ना जिले में पुलिस ने मंदिरों और सूने मकानों को निशाना बनाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने पन्ना, सतना और कटनी में कुल 19 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया. उनके कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, मंदिरों के मुकुट और छत्र, 2.5 किलो गलायी गई चांदी, औजार, मोटरसाइकिलें और मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है. शिवपुरी के कोलारस थाना क्षेत्र में सराफा दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 32 लाख रुपये की 9 किलो से अधिक चांदी जब्त की. इंदौर में पुलिस ने दो बड़ी चोरी की घटनाओं का त्वरित खुलासा कर 19 लाख रुपये से अधिक के आभूषण बरामद किए.

# 3डी प्रिंटिंग : एमपी में भवन निर्माण में नवाचार

**भोपाल, 30 जनवरी. मध्यप्रदेश में भवन निर्माण में नवाचार के रूप में 3 डी प्रिंटिंग तकनीक को अपनाने की संभावनाओं का अध्ययन करने हेतु लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय टीम ने आईआईटी मद्रास का दौरा किया.**

इस टीम में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक सिबी चक्रवर्ती सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे. दौरे के दौरान टीम ने 3 डी प्रिंटिंग आधारित भवन निर्माण की व्यावहारिकता, उपयोगिता और कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया. आईआईटी मद्रास परिसर



यह प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत डिज़ाइन पर आधारित होती है और विशेष तैयार किए गए सीमेंट-आधारित मिश्रण (कंक्रीट) को रोबोटिक मशीन द्वारा क्रमिक रूप से डालकर दीवारें बनाई जाती हैं. इसमें शटरिंग/फॉर्मवर्क की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय और सामग्री की बचत होती है.

में निर्माणाधीन 3 डी प्रिंटिंग रेस्ट हाउस का अवलोकन करते हुए मशीन की कार्यप्रणाली, निर्माण गति और तकनीकी विधियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया.

वर्तमान में इस तकनीक में अधिकतम 12 मीटर ऊँचाई की सीमा है और भारतीय मानक अभी पूर्ण रूप से निर्धारित नहीं हैं. मध्यप्रदेश सरकार इसे आगामी परियोजनाओं में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने पर विचार कर रही है. 3 डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्माण अल्प समय में, न्यूनतम श्रम में, उच्च गुणवत्ता और सटीक परिमाप के साथ किया जा सकता है तथा यह कार्बन उत्सर्जन कम करने में भी सहायक है.

## कांग्रेस की तीन जिला इकाई गठित

**भोपाल,30 जनवरी.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने जानकारी दी कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के पश्चात छिंदवाड़ा, मऊगंज एवं सागर जिला कांग्रेस कमेटियों की जिला कार्यकारिणियों का गठन किया गया है. डॉ. कामले ने बताया कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया निरंतर जारी है. आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिलों में जिला कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा. वर्तमान में पूरे मध्य प्रदेश में कांग्रेस का संगठनात्मक कार्य तेजी और सक्रियता के साथ आगे बढ़ रहा है.

**पेज एक का शेष**

# संविदाकर्मियों की भूमिका हनुमान जी के समान

राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के सेवा सुधार, पारिश्रमिक सुधार, कार्य परिस्थिति और भविष्य के सुधारों पर पहले भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, भविष्य में भी उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा. हमारी सरकार संविदा कर्मियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी. संविदा कर्मचारियों के लिए जो भी निर्णय हो सकते हैं, उससे अधिक करने का प्रयास करेंगे. नियम, न्याय और वित्तीय संतुलन के दायरे में रहते हुए संविदाकर्मियों की कठिनाइयों का हल निकाला जाएगा. मप्र संविदा संयुक्त संघर्ष मंच, वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के साथ समन्वय करते हुए सभी कठिनाइयों का समाधान इस प्रकार किया जाएगा, जिससे संविदाकर्मियों का सम्मान और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हों. संविदाकर्मियों की उचित मांगों पर राज्य सरकार संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ उनका सहयोग करेगी.

**सीएम ने ये घोषणाएं भी की**

- 10 वर्ष से अधिक अनुभवी संविदाकर्मियों को नियमित पदों पर संविलियन की अभी तक 50 प्रतिशत पदों के लिए प्रक्रिया जारी है, इस दिशा में आगे और काम किया जाएगा.
- जीएडी संविदा नीति-2023 के तहत सभी कंडिकाओं का केंद्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरश: क्रियान्वयन किया जाएगा. राज्य शासन के निगम मंडल इसे लागू करेंगे.
- संविदा नीति-2023 के तहत सभी विभागों में संविदा कर्मियों के लिए एनपीएस, ग्रेज्युटी, स्वास्थ्य बीमा लाभ, अनुकंपा नियुक्ति के लिए केंद्र पोषित-राज्य पोषित समस्त योजनाओं-परियोजनाओं में एक साथ क्रियान्वयन तथा संविदा कर्मियों के लिए दंड के प्रावधान सीसीए रूल 1965, 1966 को पूर्णत: लागू करने के संबंध में नीतिगत निर्णय कराया जाएगा.

**कार्यक्रम** ▸ मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप दोहराया पटवारी ने

# स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का अनावरण

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,30 जनवरी. महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर के गावली पलासिया में दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी भागीरथ वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया.**

इस अवसर पर आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पटवारी ने संगठन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर विस्तार से विचार रखे. पटवारी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन निरंतर




एकजुटता और विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहा है. संगठन को सशक्त बनाने में योगदान देने वालों का सदैव सम्मान किया जाएगा. उन्होंने कहा कि संगठन के भीतर किसी भी प्रकार की असंतोष की स्थिति को संवाद, सहयोग और आपसी सम्मान के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए. 'विश्वास और सामूहिक एकता से ही मजबूत संगठन का निर्माण होता है,' उन्होंने कहा. कार्यक्रम में इंदौर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इसके बाद पटवारी इंदौर के राजेंद्र नगर थाने पहुंचे, जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग और अनियमितताओं को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई. इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और कई कांग्रेस कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद थे.

पटवारी ने दावा किया कि बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के रूप में उन्होंने अपने ही बूथ पर अनियमितताओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा है. उन्होंने चेतावनी दी कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए गलत जानकारी देना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत दंडनीय अपराध है. अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र को कमजोर करने की किसी भी कोशिश का विरोध सड़कों से लेकर अदालत तक करेगी.

## दूषित पेयजल मामले में तीन को इंदौर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**इंदौर.** दूषित पेयजल के कारण कई लोगों की मौत के मामले में कांग्रेस आगामी तीन फरवरी को इंदौर में धरना-प्रदर्शन करेगी. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में आरोप लगाया कि इंदौर में दूषित पानी से लोग मर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी के मंत्री 'छुट्टी' पर चले गए हैं. 31 निर्दोष लोगों की मौत पर श्रद्धांजलि देने और 'कुंभकर्णीय' नींद में सो रही हत्यारी सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए कांग्रेस पार्टी 3 फ़रवरी को इंदौर में धरना प्रदर्शन करेगी. इसके पहले पटवारी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा कि एक महीने में दूषित पानी से 31 लोगों की सरकारी लापरवाही के कारण मौतें हो गई.

**District Central Co-operative Bank Ltd., Chhindwara**

Address: Goalganj Raj Talkies Chhindwara
E-Mail- Jskb_chw@rediffmail.com
Phone No 07162- 292776

Letter No/1824/Store/C.B./2026 Chhindwara Dated 30.01.2026

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

The District Central Co-operative Bank Ltd., Chhindwara invites sealed tenders from reputed, experienced and. authorized manufacturers/suppliers for supply, transportation, installation and commissioning of Godrej make Safe Lockers in various branches of the Bank.

- Details of Requirement:
  Locker Unit - Type 1: 90 Locker Cabinet (To be supplied in two separate parts)
  Locker Unit - Type II: 75 Locker Cabinet (To be supplied in two separate parts)
  The lockers shall strictly conform to RBI guidelines, latest banking security norms, and technical specifications approved by the Bank.
- Tender Document:
  1. Bidder should have Green Co Certificate, which is to be duly attached while submission.
  2. The bidder, if not OEM, should be an OEM Authorized dealer and are required to produce OEM Authorized certificate along with the proposal.
  3. Bidder/OEM should have atleast 5 service setup in MP including atleast one in Chhindwara city.

The bidders must quote rates inclusive of transportation, loading-unloading, installation, commissioning and all labour charges along with applicable GST. No separate payment shall be made for these components. The Bank reserves the right to accept or reject any or all tenders, in part or full, without assigning any reason.

The sealed tenders, complete in all aspects, should be submitted in a sealed envelope superscribed with "Tender for Supply, Installation and Commissioning of Godrej Safe Lockers" and must reach the Head Office of The District Central Co-operative Bank Ltd., Chhindwara Goalgani near Rai Talkies Chhindwara 480001 on or before 06.02.2026 up to 5:00 PM. Tenders received after the due date and time shall not be considered under any circumstances.

**Chief Executive Officer**